www.himalayanupdate.com 7018631199 समाचार पत्र Postal Regd no: HP/128/SML/2023-25

नवंबर, 2023

आपकी आवाज़

हिमालयन अपडेट

RNI-HPHIN/2017/73579

7018631199 सोमवार 20.11.2023 पृष्ठ: 01, मूल्य: 1 रू. शिमला से प्रकाशित advthimalayanupdate@gmail.com

किफायती दरों में अपना विज्ञापन प्रकाशित करें और अपने व्यापार को और ऊंचाईयों पर ले जाएं। संपर्क करें: 7018631199

अपने क्षेत्र की समस्या के बारे में हमें लिखें।

himalayanupdate@gmail.com

मुख्यमंत्री ने मॉलरोड पर देखा भारत-ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट मैच

शिमला/हिमालयन अपडेट
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू आज भारत-ऑस्ट्रेलिया के मध्य आईसीसी क्रिकेट विश्व कप-2023 का फ इनल मैच देखने के लिए मॉलरोड शिमला में नागरिकों के साथ शामिल हुए। नगर निगम शिमला द्वारा लोगों की सुविधा के लिए एक बड़ी एलईडी स्क्रीन स्थापित कर इस मैच के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई है। इससे पहलेए मुख्यमंत्री ने पुलिस नियंत्रण कक्ष के पास एक



आकर्षक भित्ति चित्र का भी उद्घाटन किया। प्रोफेसर हिम चटर्जी की यह रचना पश्चिम बंगाल के कारीगरों द्वारा तैयार की गई है। इस भित्ति चित्र में राज्य के विभिन्न जिलों की लोक संस्कृति को दशार्या गया है। नगर निगम शिमला के प्रयासों की सराहना करते हुए ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पर्यटन और जल विद्युत उत्पादन राज्य में राजस्व वृद्धि का मुख्य स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा राज्य में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने और पर्यटकों की आमद बढ़ाने पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जा रहा और इस संबंध में कई ठोस कदम उठाए गए हैं। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनी राम शांडिल, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, विधायक हरीश जनारथा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार मीडिया नरेश चौहान, महापौर नगर निगम शिमला सुरेंद्र चौहान, पार्षदगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

इंदिरा गांधी के दूरदर्शी निर्णयों का देश को हो रहा लाभ: मुख्यमंत्री

शिमला/हिमालयन अपडेट
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को ऐतिहासिक रिज पर भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में इंदिरा गांधी के योगदान को याद करते हुए कहा कि आज देश को उनके दूरदर्शी निर्णयों का लाभ मिल रहा है। उन्होंने आम आदमी को लाभ पहुंचाने के लिए भू-सुधार कानून लाने और बैंकों का राष्ट्रीयकरण

करने जैसे साहसिक फैसले लिये। उन्होंने बांग्लादेश की मुक्ति में अहम योगदान दिया है, जो देशभक्ति का एक अद्वितीय उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनी राम शांडिल, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, विधायक हरीश जनारथा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार मीडिया नरेश चौहान, महापौर नगर निगम शिमला सुरेंद्र चौहान, पार्षदगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

वर्तमान कांग्रेस सरकार से नाकामियों का जिक, भाजपा चौक-चौराहे पर करेगी: जयराम

शिमला/हिमालयन अपडेट
नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा महिलाओं के सहयोग के बिना ना कोई सरकार बन सकती है ना कोई समाज आगे बढ़ सकता है और जब महिलाओं के सहयोग से सरकार बन भी जाती है तो उसको चलाने के लिए महिलाओं का सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा की महिला मोर्चा अनेक मुद्दों को लोकसभा की दृष्टि से बूथ स्तर तक ले जाएगा। चाहे वह मुद्दा प्रदेश सरकार की गारंटीयों का हो, कांग्रेस सरकार के दौरान महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार और किसी भी प्रकार के मुद्दे जो महिलाओं से जुड़े हो उनको प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाने के लिए महिला मोर्चा कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को 1 साल पूरे होने जा रहा हैं और उनकी नाकामियों का जिक्र भाजपा

चौक चौराहे करने जा रही है। अब बहुत हो गयाए अभी तक का समय वर्तमान कांग्रेस सरकार ने रोते-रोते गुजार दिए कि पिछली सरकार ने ऋण लिया है। हम तो आपसे पूछना चाहेंगे कि हमारी सरकार ने 2 साल में 6000 करोड़ का लोन लिया था, पर आपकी सरकार ने तो 11 महिने में 12000 करोड़ का ऋ ण ले लिया। जयराम ने कहा की हम छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश गए और छत्तीसगढ़ में तो वहां के कांग्रेस मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जो चुनावों के समय हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के चुनाव प्रभारी थे, अपने भाषणों में जिक्र कर रहे हैं की हिमाचल प्रदेश में अभी सरकार का 1 साल पूरा हुआ नहीं और सभी 10 गारंटीयां पूरी कर दी गई है और इस२ी प्रकार से छत्तीसगढ़ में भी हम दी गई गारंटीयां पूरी करेंगे और हमने प्रेस वार्ता के माध्यम से वहां पर सच्चाई जनता के समक्ष रखी।

'लोगों को घरद्वार पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए सरकार प्रयासरत'

शिमला/हिमालयन अपडेट
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ कर्नल धनी राम शांडिल ने आज न्यू शिमला सेक्टर-4 में नव निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है। इस भवन की व्यवस्था से यहां के स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य की सुविधाएं घरद्वार पर उपलब्ध होंगी। भवन का निर्माण कार्य लगभग 55 लाख रुपए से पूर्ण

किया गया है और भवन के प्रवेश मंजिल में ओपीडीए प्रथम मंजिल में डिस्पेंसरी एवं ड्रेसिंग रूमए भूतल मंजिल में लेबर रूम एवं नर्सिंग रूम तथा बेसमेंट में स्टोर रूम का प्रावधान किया गया है।

प्रदेश सरकार जल्द करेगी 700 नर्सिंग ऑफि सर की भर्ती

डॉ शांडिल ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ नर्स की मांग सामने आई है। प्रदेश सरकार जल्द ही 700 नर्सिंग ऑफि सर की भर्ती करने जा रही है जिससे इस मांग की अवश्य रूप से पूर्ति होंगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र को स्तरोन्नत करने की मांग सामने आई है और जमीन की उपलब्धता होने पर इस मांग पर भी अवश्य रूप से विचार किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने अन्य मांगों को भी सहानुभूति पूर्ण तरीके से पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाना हमारी सरकार की प्राथमिकता: अनिरुद्ध सिंह

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है ताकि बड़े अस्पतालों में भीड़ को कम किया जा सके और इसी के दृष्टिगत चमयाना में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद निशा ठाकुर, अन्य पार्षदगण, संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य विभाग डॉ अंबिका चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेखा चोपड़ा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी एच आर ठाकुर, ग्रीन न्यू शिमला सोसायटी अध्यक्ष माला सिंह, सहित आदि उपस्थित रहे।

निजी अस्पतालों को हिम केयर सुविधा विज्ञापन के साथ लिखनी होंगी शर्तें भी: सीएमओ

नाहन के साईं मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में लगे केयर बोर्ड पर पेशेंट के परिजन ने भ्रामकता की करी शिकायत

नाहन/हिमालयन अपडेट
जिला सिरमौर में हिम केयर कार्ड पर स्वास्थ्य सुविधा देने वाले निजी अस्पतालों के लिए सीएमओ के द्वारा एक बड़ी सूचना जारी की गई है। निजी अस्पतालों को हिम केयर कार्ड पर निशुल्क इलाज के विज्ञापन बोर्ड पर अन्य शर्तों को भी लिखना जरूरी कर दिया गया है। ऐसा किया जाना भ्रामक विज्ञापन प्रचार पर लगाम लगाने के लिए आवश्यक समझा गया है। असल में इसकी जरूरत तब महसूस की गई जब साईं मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में विक्रम बाग के कथित भ्रमिक बोर्ड पर पेशेंट के परिजन ने आपत्ति जताई थी। हिम केयर कार्ड के बावजूद मृतक पेशेंट के भाई सुभाष पंडित

के परिजनों को हिम केयर के अधूरे बोर्ड पर पैसे भुगतान का शिकार होना पड़ा। मृतक पेशेंट के भाई सुभाष पंडित का कहना है कि उन्होंने निशुल्क के इलाज के हिम केयर बोर्ड को देखकर अपने भाई को श्री साईं अस्पताल नाहन में एडमिट करवा दिया था।उन्होंने बताया कि इस अस्पताल प्रबंधन ने पेशेंट के एडमिट होते ही उनसे हिम केयर कार्ड ले लिया गया था। उन्होंने बताया कि पेशेंट को 3 नवंबर को एडमिट किया गया था जबकि अत्यधिक नाजुक हालत में पेशेंट की तीन नवंबर को ही मृत्यु भी हो गई। बावजूद इसके रोगी की मृत्यु के बाद अस्पताल के द्वारा दवाइयां के पैसे भी वसूले गए और इलाज के पैसे भी लिए गए। परिजनों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन के द्वारा भ्रामक बोर्ड से हमें निशुल्क इलाज के लिए कार्ड पर अट्रैक्ट किया गया। बाद में 24 घंटे एडमिट ना रह पाने का हवाला देकर कार्ड को निष्क्रिय माना गया। परिजनों का आरोप है कि यदि उनके बस में मृत्यु को रोकना होता तो वह अपने पेशेंट को अस्पताल में लेकर ही क्यों आते। उन्होंने कहा कि वह अपने पेशेंट को सरकारी अस्पताल लेकर जा रहे थे मगर बोर्ड पर कार्ड की बाबत देखकर वह साईं मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में गए थे। मृतक के भाई सुभाष शर्मा का कहना है कि जो बोर्ड साईं अस्पताल के द्वारा लगाया गया था उसके आसपास कहीं भी कोई शर्तें नहीं थी। ऐसे में हिम केयर कार्ड के भ्रामक अधूरे बोर्ड पर उन्हें छला गया है।

उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में कई ऐसे क्रियाकलाप हैं जो संदेश पैदा करते हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जब उनका पेशेंट एडमिट हुआ था तो दवाइयां के पर्चे में उन्होंने ग्लव्स के लिए लिखा। उन्होंने कहा कि जो इनका अपना अस्पताल का दवा खाना है वहां उन्होंने जबरन 100 ग्लव्स दिए गए। जब उन्होंने इस बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि हमारे पास 100 ग्लव्स का ही बंडल आता है।

जबकि सरकारी अस्पताल के आसपास की दुकानों पर चाहे आप दो ग्लव्स चाहे 10 कोई लाजमी नहीं होता है। ऐसे में बाकी ग्लव्स का अस्पताल क्या करता होगा इस पर उन्होंने सवाल यह निशान लगाया है।

वहीं जब इस बाबत जब सीएमओ जिला सिरमौर अजय पाठक से बात की गई तो उन्होंने यह तो माना कि 24 घंटे तक पेशेंट का एडमिट होना जरूरी होता है। मगर हिम केयर अथवा आयुष्मान भारत के प्रचार बोर्ड पर शर्तें भी लिखी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके द्वार बोर्ड पर किस कंडीशन में यह कार्ड मान्य होगा यह शर्तें भी लिखना जरूरी करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना ने साकार किया युवा महिला विशेषज्ञ डॉक्टर का सपना



हमीरपुर/हिमालयन अपडेट
हिमाचल प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना जहां कई युवाओं को अपना उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित कर रही है, वहीं पहले से ही अपना व्यवसाय कर रहे कई युवाओं के कारोबार के विस्तार में भी यह योजना काफ ी मददगार साबित हो रही है।

45 लाख रुपये के ऋण और सब्सिडी से स्थापित की अत्याधुनिक सीवीसीटी मशीन

हमीरपुर शहर में पिछले कुछ वर्षों से निजी अस्पताल चला रही युवा विशेषज्ञ डॉक्टर और ईएनटी एवं हैड एंड नैक सर्जन डा. अभिलाषा ठाकुर अपने अस्पताल में अत्याधुनिक सीवीसीटी मशीन स्थापित करके मरीजों को हमीरपुर में ही बेहतर सुविधा मुहैया करवाना चाह रही थी, लेकिन पैसे की कमी के कारण वह यह मशीन नहीं खरीद पा रही थी। इसी बीच, डॉ. अभिलाषा ठाकुर को उद्योग विभाग के अधिकारियों से मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की जानकारी मिली और उन्होंने तुरंत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करके इस योजना के तहत ऋ ण एवं अनुदान के लिए आवेदन कर दिया। सीवीसीटी मशीन के लिए डॉ. अभिलाषा ठाकुर को मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत बैंक से लगभग 45 लाख रुपये का ऋ ण मिला। इस धनराशि से उन्होंने अस्पताल में सीवीसीटी मशीन स्थापित करवाई। 45 लाख रुपये के ऋ ण के साथ ही उन्हें मशीनरी पर 30 प्रतिशत तक सब्सिडी मिली तथा ब्याज पर भी 5 प्रतिशत तक छूट मिली। डॉ. अभिलाषा ने बताया कि सिर और गर्दन की जांच के लिए सीवीसीटी मशीन एक बेहतरीन मशीन है। यह कम रेडिएशन्स छोड़ती है, जिससे यह मरीजों के लिए काफ ी सुरक्षित है। इस मशीन में खड़े-खड़े ही मरीज की जांच बहुत ही कम समय में हो जाती है। इसकी रैजोल्यूशन और थ्री-डी फि ल्म की क्वालिटी भी बहुत अच्छी है।

25, 26, 27 नवंबर को शिमला में होगा मजदूरों और किसानों का महापड़ाव

मंडी/हिमालयन अपडेट
हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में इस माह की 25,26,27 को मजदूरों और किसानों का महापड़ाव आयोजित किया जायेगा।जिसमें 25 नवंबर को मनरेगा व निर्माण मजदूर तथा वर्षा प्रभावित व किसान 26 को आंगनवाड़ी, मिड डे मील और आशा व्रकर्ज तथा 27 को औद्योगिक क्षेत्र तथा रेहड़ी-फ हड़ी तथा आउटसोर्स मजदूर भाग लेंगे। यह जानकारी सीटू के मंडी जिला के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने मंडी में संम्पन्न हुए सीटू के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के मौके पर दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा का बजट कम कर दिया है जिसकारण जॉबकार्ड धारकों को काम नहीं मिल रहा है। सुखू सरकार ने राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के लाभ रोक दिए हैं। वर्तमान में बोर्ड में साढ़े चार लाख मजदूर पंजीकृत हुए हैं और उन्हें हर साल एक सौ से डेढ़ सौ करोड़ रुपये की सहायता मिलती थी जो पिछले एक साल से बन्द हो गई है। जब से हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार सुखू के नेतृत्व में बनी है तब से ये सहयता रोक दी गई है और अब आलम ये है कि इस वित्त वर्ष में मात्र 21 लाख रुपये की सहायता ही प्रदान की गई है जबकि पिछले साल ये सहायता राशी 160 करोड़ रुपये जारी हुई थी।

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी बैठक हुई सम्पन्न

शिमला/हिमालयन अपडेट
भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों एवं महामंत्रियों की बैठक आज भाजपा मुख्यालय दीपकमल शिमला में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा वंदना योगी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्षा रश्मिधर सूद एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। महिला मोर्चा अध्यक्षा वंदना योगी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षाओं एवं महामंत्रियों से वृत्त लेकर उनका

परिचय करवाया और केन्द्र से और प्रदेश संगठन से जो आगामी कार्यक्रम महिला मोर्चा को दिए गए है उसकी विस्तृत जानकारी महिलाओं को दी और साथ में ही आगामी लोकसभा चुनावों के लिए बूथ स्तर पर महिला मोर्चा को काम करने के निर्देश भी दिये। बैठक को सम्बोधित करते हुए महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्षा एवं भाजपा उपाध्यक्ष रशिमधर सूद ने कहा कि महिलाओं को अपने शक्ति को पहचानना होगा, महिलाओं को नेतृत्व करने की क्षमता को बढ़ाना होगा।

भाजपा ने संगठन में महिलाओं को अधिमान दिया है। भाजपा ने हमेशा ही महिलाओं का मान-सम्मान बढ़ाया है। भाजपा ने महिलाओं पर अटूट विश्वास किया है। अब महिलाओं को अपने दायित्व के अनुसार अपनी जिम्मेवारियों को समझना होगा और जमीनी स्तर तक आम जन से जुडकर संगठन और पार्टी को मजबूत करना अपना मूल उदेश्य बनाना होगा। भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने अपने सम्बोधन में महिला मोर्चा को बूथ स्तर पर पांच महिला कार्यकर्ता जोडने की बात कही।

उपायुक्त ने उपमंडल चुराह में विभिन्न व्यवस्थाओं का लिया जायजा

चंबा/हिमालयन अपडेट
उपायुक्त अपूर्व देवगन ने शनिवार को पमंडल चुराह के अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, मतदान केन्द्रों व नागरिक अस्पताल तीसा का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपमंडल चुराह के विभिन्न क्षेत्रों का प्रवास कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के पश्चात संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला नेरा और चिल्ली में बच्चों को पाठशाला में उपलब्ध

विभिन्न सुविधाओं और मिड डे मील में दिए जा भोजन गुणवत्ता की जांच भी की। साथ ही में उन्होंने मतदान केंद्र नेरा, संतेवा चिल्ली, तीसा कसवाती और कसवाती भंजराडू की भौतिक स्थिति का भी जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने तीसा नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजराडू व विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में भी व्यवस्था का जायजा लिया। उपायुक्त ने स्कूली बच्चों से संवाद कर उनसे स्कूलों में उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की फ ीडबैक भी ली। एसडीएम जोगिंदर पटियाल, खंड विकास अधिकारी निशी महाजन, लोक निर्माण, जल शक्ति, विभाग विद्युत बोर्ड सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी इस दौरान उपस्थित रहे।

ड्राफ्ट मतदाता सूची से सम्बंधित दावे और आक्षेप प्राप्त करने की

शिमला/हिमालयन अपडेट
जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने आज उपमंडल दंडाधिकारी शिमला शहरी भानु गुप्ता व तहसीलदार निर्वाचन राजेन्द्र शर्मा के साथ 68-शिमला निर्वाचन क्षेत्र के 05 मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदान केंद्रों पर आयोजित किये जा रहे विशेष कैंप का जायजा लिया।

उन्होंने मतदान केंद्र 43-पर्यटन सूचना केंद्र, 28-इवनिंग कॉलेज शिमला, 29-इवनिंग कॉलेज

शिमला, 37-डीएवी पब्लिक स्कूल लक्कड़ बाजार और 38-डीएवी पब्लिक स्कूल लक्कड़ बाजार का दौरा किया। उन्होंने बताया कि आज मतदान केंद्रों पर स्पेशल एनरोलमेंट डे मनाया गया जिसके तहत नये मतदाता और पंजीकरण से छुटे हुए मतदाताओं ने मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाया।